# हादसे में दो छात्रों की मौत

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। अबोहर के समीप गांव बल्लूआना में सड़क हादसे में दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि एक छात्र घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गांव रामगढ़ निवासी तीन छात्र करन पुत्र सुभाष, राकेश पुत्र देवनाथ और प्रेम पुत्र नेहपाल बल्लूआना स्थित सरकारी स्कूल में ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ते थे। स्कूल से छुट्टी के बाद तीनों छात्र बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के मुख्य मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि करन और राकेश की मौके पर ही मौत हो गई।

# 1.30 लाख रु. की रिश्वत लेते एएसआई और दलाल गिरफ्तार

## पीड़ित से एफआर लगाने और उसे बरी करने के एवज में रिश्वत मांगी थी

- गिरफ्तारी के दौरान एएसआई कन्हैयालाल ने भागने की कोशिश भी की थी
- टीम ने रिश्वत राशि बरामद कर मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की

**अलवर,** (निसं)। अलवर शहर कोतवाली में पीड़ित से एफआर लगाने और उसे बरी करने का लालच देकर एक लाख तीन हजार की रिश्वत लेते एसीबी ने एएसआई कन्हैया लाल और दलाल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अब यह मालूम करने का प्रयास किया जाएगा कि इस रिश्वत में किन-किन का कितना हिस्सा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को अलवर शहर में बड़ी कार्रवाई करते हुए कोतवाली थाने के एएसआई कन्हैयालाल और दलाल मजिलस को 1.30 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एएसआई ने एक मुकदमे में एफआर लगाने के एवज में यह राशि मांगी थी। एसीबी की टीम शाम करीब चार बजे थाने पहुंची और जैसे ही परिवादी ने दोनों को पैसे दिए, टीम ने तुरंत दबिश देकर दोनों को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के दौरान एएसआई कन्हैयालाल ने भागने की कोशिश भी की, लेकिन एसीबी टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। इस कार्रवाई का नेतृत्व एसीबी के एएसपी महेंद्र मीणा ने किया। टीम ने रिश्वत की राशि बरामद कर ली है और दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# 45 हजार रुपये की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा की स्पेशल यूनिट टीम ने जिला कोटा के उप-तहसील खातौली के पटवारी को 45 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

एसीबी की महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कोटा स्पेशल यूनिट को परिवादी ने शिकायत दी। परिवादी ने शिकायत में कहा कि परिवादी व उसके परिजनों के नाम दर्ज कृषि भूमि ग्राम बगावदा पटवार हल्का कैथुदा की पैमाईश करवाने के लिये प्रार्थना पत्र परिवादी ने उप तहसील कार्यालय खातौली में दिया था, जिस पर प्रार्थना पत्र को पटवारी प्रधान चौधरी ने कई दिनों तक पैण्डिग रखा। हल्का पटवारी कैथुदा ने परिवादी की भूमि की पैमाईश करने के लिये 50 हजार की रिश्वत की मांग की।

एसीबी की महानिदेशक ने बताया कि शिकायत मिलने पर पुलिस निरीक्षक पृथ्वीराज मीणा द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया। एसीबी स्पेशल यूनिट के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा ने बताया कि सत्यापन कराने के बाद एसीबी की टीम खातौली पहुंची और ट्रेप कार्रवाई के लिये जाल बिछाया गया और कार्रवाई में प्रधान चौधरी पटवारी पटवारी हल्का कैथूदा, उप तहसील खातौली को 45 हजार की रिश्वत लेते हुए डिटेन कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

## जैसलमेर निजी स्लीपर बस अग्निकांड हादसा

# एसी कंप्रेशर फटने से विस्फोट होने की संभावना : चिकित्सा मंत्री

- उद्योग राज्य मंत्री केके विश्नोई और जिले के प्रभारी मंत्री मदन दिलावर घायल यात्रियों से मिलने महात्मा गांधी अस्पताल अस्पताल पहुंचे

**जोधपुर,** (कासं)। जैसलमेर में हुए निजी स्लीपर बस अग्निकांड हादसे में मृतकों का आंकड़ा बढ़ गया है। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि संभवत: बस के कंप्रेसर के विस्फोट से इतनी भयानक आग लगी है। उन्होंने कहा कि बस में निकास एक ही था। कुछ लोग कांच तोड़ कर भी बाहर आए थे। सेना की मदद से जो बाहर निकाले गए, उन्हें अस्पताल भिजवा दिया गया है। इसके अलावा भी कुछ लोगों के लापता होने की खबर है। ऐसे में शवों का डीएनए टेस्ट करवा रहे हैं। घटना में अब तक 21 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से 19 लोगों की मौत मौके पर ही हो गई थी, जबकि दो लोगों की मौत जोधपुर में इलाज के दौरान हुई है।

चिकित्सा मंत्री ने बताया कि प्रथम दृष्या ऐसा लग रहा है कि एसी का कंप्रेशर फटने से विस्फोट हुआ है। बस में आगे के हिस्से में जो लोग थे वह निकल गए थे। एक ही निकास होने से पीछे के लोग अंदर ही फंस गए थे। कंप्रेशर फटने की पूरी जांच एफएसएल से होगी। उन्होंने कहा कि हर परिवार की सहायता सरकार करेगी, सभी को मुआवजा दिया जाएगा।

उद्योग राज्य मंत्री केके विश्नोई बुधवार को महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचे और घायलों एवं उनके परिवारजनों से मुलाकात की। साथ ही चिकित्सकों से उनके उपचार के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल रात ही सभी बसों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। अस्पताल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री विश्नोई ने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है। इसने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि अब हम सभी प्रयास कर रहे हैं कि जो भी घायल अस्पताल में उपचार ले रहे हैं, उन्हें समुचित इलाज मिले। इस हादसे के बाद परिवहन विभाग ने एक विशेष अभियान भी चलाया है और नई गाइडलाइन भी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि एसी बसों में प्रत्येक सीट पर कांच के पास एक हैमर की व्यवस्था की जाएगी, ताकि आपातकालीन स्थिति में यात्री कांच तोड़कर बाहर निकल सके। गाइडलाइन का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग विशेष अभियान चलाएगा।

जिले के प्रभारी मंत्री मदन दिलावर बुधवार को जैसलमेर बस दुखांतिका में घायल हुए यात्रियों से मिलने महात्मा गांधी अस्पताल के बर्न यूनिट पहुंचे। बर्न यूनिट में भर्ती घायलों की कुशलक्षेम पूछते हुए उन्होंने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। परिजनों से बातचीत के दौरान दिलावर ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह समय पूरे प्रदेश को एक सूत्र में बांधने का है। राज्य सरकार इस दु:ख की घड़ी में प्रत्येक प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार का हर विभाग राहत और सहयोग के कार्यों में सक्रिय है तथा पीड़ितों को हरसंभव सहायता दी जा रही है। उन्होंने दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से शोकाकुल परिवारों को यह असहनीय दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। दिलावर ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि सभी घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सीय उपचार और आवश्यक संसाधन तत्काल उपलब्ध कराए जाएं। इस अवसर पर उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई, विधायक जैसलमेर छोटी सिंह राठौड़, पूर्व जेडीए अध्यक्ष प्रो. महेन्द्र सिंह भाटी, जिला प्रभारी सचिव दिनेश कुमार, जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश, नगर निगम (उत्तर-दक्षिण) आयुक्त सिद्धार्थ पालनीचामी, सीईओ जिला परिषद आशीष कुमार मिश्रा, डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. बीएस जोधा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सचिन पायलट की मौजूदगी में प्रमोद जैन भाया ने नामांकन दाखिल किया

## एआईसीसी सहित प्रदेश व हाड़ौती के नेताओं ने अंता से प्रमोद जैन भाया को विजयी बनाने की अपील की

- नामांकन रैली में उमड़े जनसैलाब को एआईसीसी, प्रदेश स्तरीय एवं हाड़ौती संभाग के नेताओं ने सम्बोधित किया

**अंता,** (निसं)। अंता विधानसभा में विधायक पद के लिए सम्पन्न होने जा रहे विधानसभा उप चुनाव को लेकर बुधवार को कांग्रेस प्रत्यासी प्रमोद जैन भाया ने कांग्रेस नेता सचिन पायलट सहित अन्य दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कृषि उपज मण्डी अन्ता में आयोजित नामांकन रैली में हजारों की संख्या में उमड़े जनसैलाब को एआईसीसी, प्रदेश स्तरीय एवं हाड़ौती संभाग के नेताओं ने सम्बोधित किया।

नामांकन रैली के दौरान सचिन पायलट ने कहा कि आज नामांकन सभा है। कांग्रेस पार्टी के तमाम नेता मिलकर आज अपनी पार्टी के लिए अपने उम्मीदवार के लिए राहुल गांधी के लिए और कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए आप सबसे आपका आशीर्वाद मांगने के लिए आये हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में जिस विधायक को आपने चुना था आज वो विधायक नहीं है हमारे कहने से विधायक नहीं है, ऐसी बात नहीं है, इस देश की न्यायपालिका ने हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय दिया कि उस व्यक्ति को पद से हटाया जाए इसलिए आप लोगों को दुबारा मौका मिला है अपना विधायक चुनने का। मैं इस मंच से दावे के साथ कहता हूं कि पिछले दो साल से इस प्रदेश में जो सरकार बनी है वो सिर्फ और सिर्फ झूठे वायदे और आश्वाशन देने के बाद बनी है। कांग्रेस सरकार ने बहुत बेहतर काम किया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा ने बताया कि प्रमोद जैन भाया की नामांकन आमसभा में महासचिव एआईसीसी व प्रदेश प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा, महासचिव एआईसीसी एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, महासचिव एआईसीसी भंवर जितेन्द्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सचिव एआईसीसी धीरज गुर्जर, सांसद दौसा मुरारीलाल मीणा, लोकसभा कोटा प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल, बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, विधायक हिण्डोली अशोक चांदना, विधायक केशोरायपाटन सी.एल. प्रेमी, विधायक पीपल्दा चेतन पटेल, विधायक सुसनेर भैंरूसिंह परिहार, विधायक खानपुर सुरेश गुर्जर, विधायक अमीत चाचान, विधायक जाकिर हुसैन, अमीन पठान प्रदेश अध्यक्ष खेलकूद प्रकोष्ठ, पूर्व विधायक शिवनारायण नागर, पूर्व विधायक पानाचन्द मेघवाल, करणसिंह राठौड़, निर्मला सहरिया, पूर्व विधायक स्नेहलता आर्य, पूनम गोयल, सचिव पीसीसी हंसराज मीणा उदपुरिया, सदस्य पीसीसी चन्द्र प्रकाश मीणा, हंसराज मीणा बामली, मोहम्मद अयूब भाई बालदड़ा, कैलाश शर्मा, डीसीसी अध्यक्ष कोटा शहर रविन्द्र त्यागी, डीसीसी अध्यक्ष झालावाड़ विरेन्द्र सिंह गुर्जर, सहित आदि ने भाग लिया। सभी कांग्रेस नेताओं ने आगामी 11 नवम्बर को अंता विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया को विजयी बनाने की अपील की।

# दो करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले में एक गिरफ्तार

- प्रोपर्टी डीलर की रैकी के बाद गोल्डी बराड़ ने दो करोड़ की रंगदारी के लिये धमकी दी थी

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। श्रीगंगानगर में सात माह पहले वृंदावन विहार निवासी प्रोपर्टी डीलर को दो करोड़ रुपए की रंगदारी के लिए धमकाने के मामले में पुलिस ने गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के एक खास गुर्गे को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी व जवाहरनगर थाने के एसआई रोहिताश पूनियां ने बताया कि रावला क्षेत्र चक 4 केएलएम निवासी कार्तिक जाखड़ को अदालत के प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया।

वृंदावन विहार निवासी राकेश कुमार गोयल ने थाने में गत 23 मार्च को मामला दर्ज कराया था कि उसके बेटे अधिवक्ता मोहित गोयल को भी सोशल मीडिया पर गैंगस्टर ने 22 मार्च को कॉल करके दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी। रकम नहीं देने पर परिवार को खत्म करने की धमकी दी। जांच में खुलासा हुआ कि गोल्डी बराड़ गैंग के लिए गैंगस्टर कार्तिक जाखड़ की अहम भूमिका है। आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने के स्वीकारा कि उसने गोयल के घर बाहर रैकी की और उसकी वीडियो व मोबाइल नम्बर गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को उपलब्ध कराए थे। बराड़ ने गोयल को रंगदारी की रकम के लिए धमकी दी।

जाखड़ पिछले दिनों दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम की गिरफ्त में आया था। आरोपी ने 27 मई की रात को प्रोपर्टी डीलर राजू कथूरिया के घर पर फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया था। कथूरिया से भी दो करोड़ की रंगदारी मांगी गई थी। जिले के रावला थाने के हिस्ट्रीशीटर जाखड़ के खिलाफ सदर, राजियासर व घड़साना के अलावा बीकानेर सदर थानों में फिरौती मांगने व फायरिंग आदि मामले दर्ज हैं। जाखड़ ने सुखाड़िया मार्ग और रीको में निजी अस्पताल पर फायरिंग की वारदात की थी। उसने यह वारदातें गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के इशारे पर कराई थी।


## नगर निगम जोधपुर-दक्षिण

क्रमांकः- एफ.10/2025-26/5286 दिनांकः- 11.10.2025

:: अल्पकालीन ई-निविदा सूचना ::
(UBN NO. DLB2526WSOB21467)

नगर निगम जोधपुर-दक्षिण की ओर से विभिन्न सिविल कार्यो हेतु ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित कार्यो की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्ते आदि http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://lsg.rajasthan.gov.in/mcjs पर देखी जा सकती है।

महापौर, नगर निगम जोधपुर-दक्षिण — आयुक्त, नगर निगम जोधपुर-दक्षिण

राज.संवाद/सी/25/12213

## कार्यालय नगर परिषद खैरथल (खैरथल-तिजारा) राज0

क्रमांक : 3615-18 दिनॉक : 10.10.2025

ऑनलाईन निविदा सूचना सं. 15/2025-26

नगर परिषद खैरथल द्वारा नवीन परीसीमन पश्चात् सम्मिलित राजस्व ग्रामों के साथ सम्पूर्ण परिषद क्षेत्र में एलईडी स्ट्रीट लाईट स्थापित करवाये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा http://eproc.rajasthan.gov.in के माध्यम से आमन्त्रित की जाती है। निविदा सूचना राजस्थान लोक उपागम पोर्टल की वेबसाईट http://sppp.raj.nic.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर निम्नानुसार विवरण के द्वारा देखी जा सकती है-

NIB CODE : DLB2526A7050

| Work No. | Estimated Cost (Rs.) | UBN No. on SPPP PORTAL | Tender ID on Eproc Portal |
|---|---|---|---|
| 1 | 4974140.00 | DLB2526WSOB21299 | 2025_DLB_506529_1 |

राज.संवाद/सी/25/12207 — आयुक्त, नगर परिषद खैरथल

## कार्यालय नगर परिषद बून्दी

क्रमांकः- 7226 दिनांकः- 11.10.2025

-:: निविदा सूचना ::-

नगर परिषद बून्दी द्वारा जारी निविदा संः लाईट/2025-26/7171 दिनांक 08/10/2025 की निविदा दिनांक 11/10/2025 से दिनांक 24/10/2025 18.00 बजे तक ऑनलाईन विक्रय की जावेगी। निविदा दिनांक 27/10/2025 को 15.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा निविदा दिनांक 27/10/2025 को 16.00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी। विस्तृत शर्ते व विवरण निविदा sppp.rajasthan.gov.in/eproc.rajasthan.gov.in पर DLB2526GSOB21306 तथा कार्यालय समय मे किसी भी कार्यदिवस को नगर परिषद मे देखा जा सकता है।

आयुक्त, नगर परिषद, बून्दी

राज.संवाद/सी/25/12199

## कार्यालय नगर पालिका सूरौठ जिला करौली (राज.)

क्रमांकः- 244 दिनांकः- 08.10.2025

ई-निविदा सूचना वर्ष 2025-26

नगर पालिका सूरौठ की ओर सफाई कार्य के लिए समस्त वार्डो में सफाई व्यवस्था एवं शौचालयों व मूत्रालयों की सफाई कार्यो हेतु सफाई श्रमिक के लिए आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 (31 मार्च 2026) नगर परिषद/नगर निगमों/नगर विकास निकायों/जयपुर विकास प्राधिकरण, आवासन मण्डल व केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त पंजीकृत संवेदकों, प्लेसमेंट एजेन्सी एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान के एए, ए, बी श्रेणियों के संवेदकों/फर्मो के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ई-निविदा प्राप्त की जावेगी। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण बेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in तथा eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN NO. DLB2526SLOB21640

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका सूरौठ

राज.संवाद/सी/25/12237

## कार्यालय नगरपालिका मसूदा जिला ब्यावर राज0

गांधी चौक मसूदा

ई-मेल :- nagarpalikamasuda@gmail.com

क्रमांक/न.पा.म./सामान्य/2025/1158-1159 दिनांक : 13.10.2025

विज्ञप्ति सूचना

नगरपालिका मसूदा द्वारा निविदा सूचना संख्या 01/25-26 क्रमांक 664 दिनांक 04.08.2025 की विज्ञप्ति सूचना जारी कर दिनांक 05.08.2025 से 19.08.2025 को संवेदको से जरीये जेम पोर्टल पर निविदा आमन्त्रित की गई, जिसका प्रकाशन हेतु प्रकाशन हेतु पालिका पत्रांक 699-701 दिनांक 05.08.2025 द्वारा जारी की गई थी, जिसका प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं हुआ है, जिसके सम्बन्ध में पुनः निविदा सूचना का प्रकाशन किया जाना है।

NIB Code :- DLB2526A4337

UBN : (DLB2526GLOB13692), (DLB2526GLOB13693), (DLB2526GLOB13694), (DLB2526GLOB13695), (DLB2526GLOB13691)

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका मसूदा

राज.संवाद/सी/25/12226

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक :- 3788-3798 दिनांक :- 08/10/2025

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्याः 40/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर.पी डब्लयू.ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in http://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB No. - PWD2526A3754

UBN No. 1. PWD2526WSOB14107, 2. PWD2526WSOB14108, 3. PWD2526WSOB14109 4. PWD2526WSOB14110, 5. PWD2526WSOB14111, 6. PWD2526WSOB14112 7. PWD2526WSOB14113, 8. PWD2526WSOB14114, 9. PWD2526WSOB14115 10. PWD2526WSOB14116, 11. PWD2526WSOB14117

अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड चूरू

DIPR/C/15129/2025

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड जालोर

क्रमांकः अअ/जा/2025-26/1247 दिनांकः 8/10/2025

निविदा सूचना संख्या : 16 वर्ष 2025-26

NIB No. PWD2526A3747

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो. से निर्धारित प्रपत्र में कुल 1 कार्य जिनकी लागत राशि रू. 14.98 लाख है, अतः उक्तकार्यो के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 10 अक्टूबर 2025 प्रातः 10.00 बजे से 17 अक्टूबर 2025, सायं 6:00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

NIB No. PWD2526A3747

यूबीएन नं.- 1. PWD2526WSOB14080

(शंकरलाल) अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड, जालोर, मोबाईल 9983975907

DIPR/C/15117/2025

## कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)

फोन न.07464-294024 ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com website - WWW.npkarauli.in

क्रमांक : 3062 दिनांक : 08.10.2025

ई - निविदा सूचना

सर्वसाधारण एवं उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता हैं कि नगरपरिषद करौली परिषद क्षेत्र निम्न कार्य कराना चाहती है। जिस हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-टैण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विवरण व शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | नगरपरिषद क्षेत्र करौली के सिटी पार्क में वेस्ट टू वैल्थ पार्क स्थापित करने का कार्य |
| निविदा की अनुमानित लागत | 27.87 लाख |
| धरोहर राशि | अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने / डाउनलोड की तारीख | 11.10.2025 समय 2:00 पीएम से 27.10.2025 समय 6:00 पीएम तक |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की अन्तिम तिथि | 27.10.2025 समय 6:00 पीएम तक |
| ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल प्राप्त निविदा खोलने की तिथि | 29.10.2025 समय 1:30 पीएम |
| निविदा शुल्क | 1000/- रूपयें |
| निविदा प्रोसेसिंग शुल्क | 500/-रूपये |
| निविदा प्रपत्र व शर्ते डाउनलोडिंग बेबसाईट | eproc.rajasthan.gov.in |
| कार्य की समयावधि | 04 माह |
| UBN.- | DLB2526WSRC21279 |

राज.संवाद/सी/25/12190 — सभापति — आयुक्त

## Office Of The Municipal Board Malpura District Tonk (Raj.)

Sr.No. NPM/2025-26/2279 Date :- 09-10-2025

Notice Inviting Bid

Nagar Palika Malpura Bids For 24/2025 Nib No DLB2526A7059 of subject matters of procurement are invited from interested bidders Last Submission End Date 27.10.2025 Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal www.eproc.rajasthan.gov.in & www.sppp.rajasthan.gov.in.

Executive Officer, Municipal Board Malpura

Raj.Samwad/C/25/12259

## जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

बाड़मेर -344001, दूरभाष :- 02982-220674, संभागीय मुख्य अभियन्ता (बाड़मेर-संभाग)

अल्कालिक ई-निविदा सूचना

अन्य विवरण जैसे निविदा मूल्य, धरोहर राशि, निविदा प्रस्तुत करने/खुलने की तिथि का विवरण इत्यादि वेबसाईट www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl एवं www.eproc.rajasthan.gov.in द्वारा जानी जा सकती है। निविदाकर्ताओं को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि ऑन लाईन पर निविदा डालने से पहले निविदा दस्तावेजों का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर ले। सुचारू भविष्य में इन निविदाओं से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन तिथि बढने की जानकारी आदि केवल वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in, energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl पर उपलब्ध करायी जायेगी।

| TN | Works | UBN No. |
|---|---|---|
| TN-33 | ('ए) भणियाणा के लिए 33/11 केवी सब स्टेशन का निर्माण, (बी) नवनिर्मित 33/11 केवी जीएसएस महादेव नगर के लिए 9.90 किमी सिंगल सर्किट 33 केवी लाइन का निर्माण (सी) बाड़मेर वृत्त के अंतर्गत सब डिवीजन भणियाणा में महादेव नगर जीएसएस के इंटरकनेक्शन के लिए 4.40 किमी 11 केवी लाइन का निर्माण श्रम दर के आधार पर -2025 | JVV2526 WSOE00633 |

राज.संवाद/सी/25/12174 — संभागीय मुख्य अभियन्ता (बाड़मेर-संभाग)

बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045

## The Rajasthan Small Industries Corporation Ltd.

(A Government of Rajasthan Undertaking) Udyog Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur-302 005 Phone: 0141-2227079, Fax: 0141-2227257

Website: http://industries.rajasthan.gov.in/rajsico

E-mail: rajsico@rajasthan.gov.in CIN- U91110RJ1961SGC001118

ई-निविदा सूचना 28 - 29/2025-26

राजस्थली दिल्ली, राजस्थली कोलकाता में 24 माह के लिऐ गुणवत्ता बिकी लक्ष्य काउण्टर क्वालिटी सेल्स टारगेट काउण्टर)के आधार पर निम्न राजस्थानी हस्तशिल्प उत्पादों की बिक्री हेतु इच्छुक निविदादाताओं से ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है:-

**राजस्थली दिल्ली** - • राजस्थानी मूल्यवान व अर्द्धमूल्यवान रत्न व रत्न जड़ित आभूषण •राजस्थानी लाख की चूडियों व हस्त निर्मित लाख उत्पाद • राजस्थानी रजाईयॉं • राजस्थानी सभी प्रंकार की साडियां • राजस्थानी मोजडी एंव चमडे के हस्तनिर्मित उत्पाद • पैक्ड फूड-राजस्थानी,खाने के आईटम्स्स जैसे पापड, भुजिया, अचार, ड्राई वैजीटेबल, एवं मेंहदी •राजस्थानी फर्नीचर उत्पाद • राजस्थानी टैक्सटाइल कलैक्शन।

**राजस्थली कोलकाता** - • राजस्थानी ब्रास व मैटल आईटम्स • राजस्थानी प्लेन सिल्वर व सिल्वर मीनाकारी ज्वैलरी • राजस्थानी रजाईयॉं • राजस्थानी दरी व दरी उत्पाद • राजस्थानी हैण्डब्लोक प्रिन्टेड, टाई एण्ड डाई के सिले-सिलाऐ वस्त्र

प्री-बिड मीटिंग की तिथि 17.10.2025 को मध्यान्ह 12.00 बजे राजसिको के बोर्ड रूम में आयोजित की जावेगी। आवेदन की अन्तिम तिथि 03.11.2025 को 1.00 बजे व खोलने की तिथि 03.11.2025 को मध्यान्ह 3.00 बजे । पूर्ण जानकारी एवं निविदा के नियम एवं शर्तो हेतु वैब साइट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं industries.rajasthan.gov.in/rajsico देखे।

UBN is : RSI2526SLOB00027

राज.संवाद/सी/25/12209 — प्रबन्ध निदेशक

## कार्यालय नगरपरिषद, राजसमन्द

जिला परिषद रोड़, राजनगर

टेलिफोन नं. 02952-220034, फेक्स नं. 02952-221233, ई-मेल rajsamandnagarpalika@gmail.com

क्रमांक : एफ( )नपरा/इंजी/ई निविदा/21/2025-26/6572 दिनांक :- 11.10.2025

ई-निविदा सूचना संख्या 21/2025-26

नगर परिषद राजसमन्द द्वारा विकास कार्यो हेतु समस्त विभागों में पंजीकृत संवेदकों, कम्पनी, संगठनों/संस्थानों से ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन तकनीकी व वित्तिय निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड़ की जा सकती है।

| निविदा कार्यक्रम | तिथि व समय |
|---|---|
| कार्य की संख्या | 3 |
| कार्यो की अनुमानित लागत | 75.00 लाख |
| निविदा अपलोड की तिथि | 10.10.2025 06:00 PM |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 11.10.2025 09:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 20.10.2025 06:00 PM |
| भौतिक रूप से दस्तावेज जमा करने की तिथि | 21.10.2025 01:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 21.10.2025 04:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | http://eproc.rajasthan.gov.in |
| दोष निवारण अवधी | नियमानुसार |
| UBN NO- | DLB2526WSOB21468, 21469, 21470 |

राज.संवाद/सी/25/12194 — सभापति — आयुक्त

## जयपुर विकास प्राधिकरण

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक : जविप्रा/व.उ.वि./2025-26/40 दिनांकः 13.10.2025

पूर्णकालीन बिड सूचना सं.-जविप्रा/व.उ.वि./2025-26/40

आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से प्राधिकरण के उद्यानिकी प्रवर्ग की उचित श्रेणी में पंजीकृत बोलीदाताओं एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के सभी विभागों में 'अअ' व 'अ' श्रेणी में पंजीकृत बोलीदाताओं से ई-बिड (E-Procurement) निम्न विवरणानुसार आमन्त्रित की जाती है:-

| S. N. | NIB No. | Name of Work | Tender Amount (In lakh) | Sale/Download Date and End Date | Open Date | Job No |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 40 | Development and maintenance of JDA office parks for 1 year | 20.13 | 14.10.25 / 24.10.25 | 28.10.25 | 253/2025-26 |

UBN No. JDA2526WSOB00448

नोट :-

1. बिड को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।
2. बिड E-Procurement के जरिए प्राप्त की जायेगी। बोलीदाता द्वारा पंजीयन प्रमाण-पत्र की प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
3. बिड से सम्बन्धित शर्ते वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in, http:/eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in पर अथवा वरिष्ठ उद्यानविज्ञ के कार्यालय (कमरा नं. NB SF-204) में देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/12176 — वरिष्ठ उद्यानविज्ञ

## कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर

महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड, पुरानी छावनी, धौलपुर पिन कोड़ 328001, Email ID:-dcfwl.ncs.forest@gmail.com

क्रमांक-एफ ()/उवसं / वजीथौ / राचघअ/2025-26/ As per Reference No दिनांकः As per E-sign

निविदा सूचना

| क्र. सं. | सूचना संख्या मय दिनाक | कार्य का नाम | निविदा (बोली) डाउनलोड एवं अपलोड़ करने की अन्तिम समय एवं दिनांक | अनुमानित लागत लाखो में | UBN No. | निविदा संख्या | प्रचार की रीत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rajkaj Ref No.: IND18089219 Date 01.10.2025 | providing Construction of Choki and installation of solar pump at Forest Block of Wildlife Range Chambal sevar District-Dholpur at DCF WL NCS District-Dholpur | 11:00 AM, 17.10.2025 | FOR2526 WSOB 02371 | 20.00 | 38/202 5-26 | एक मुख्य क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्र और पचास हजार या इससे अधिक प्रतियों के परिचालन वाला एक राज्य स्तरीय मुख्य दैनिक समाचार पत्र। |
| 2 | Rajkaj Ref No.: IND18089311 Date 01.10.2025 | for providing JCB/MACHINE Works at Forest Block Of Wildlife Range Saramthura of DCF WL NCS Dholpur | 12:00 AM, 17.10.2025 | FOR2526 WSOB 02374 | 40.00 | 41/202 5-26 | |
| 3 | Rajkaj Ref No.: IND1889325 Date 01.10.2025 | providing seed purchasing at DCF WL NCS District-Dholpur | 10:00 AM, 17.10.2025 | FOR2526 WSOB 02375 | 2.50 | 16/202 5-26 | एक क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्र |
| 4 | Rajkaj Ref No.: 18089341 Date 01.10.2025 | providing hiring bolero and rescue vehicle at DCF WL NCS District-Dholpur | 10:00 AM, 17.10.2025 | FOR2526 WSOB 02376 | 6.25 | 39/202 5-26 | |
| 5 | Rajkaj Ref No.: 18089341 Date 01.10.2025 | providing To provide Hydraulic Excavator (3D) JCB Machine with Driver and Fuel with Driver for departmental action at DCF WL NCS District-Dholpur | 10:00 AM, 17.10.2025 | FOR2526 WSOB 02377 | 4.75 | 40/202 5-26 | |
| 6 | Rajkaj Ref No.: 180893931 Date 01.10.2025 | providing construction construction of anicat type 2 at DCF WI. NCS District-Dholpur | 10:00 AM, 17.10.2025 | FOR2526 WSOB 02378 | 3.75 | 42/202 5-26 | |
| 7 | Rajkaj Ref No.: 18089364 Date 01.10.2025 | providing construction Animals permenent water point and water tank at DCF WL NCS District-Dholpur | 10:00 AM, 17.10.2025 | FOR2526 WSOB 02379 | 2.58 | 43/202 5-26 | |
| 8 | Rajkaj Ref No.: 18089377 Date 01.10.2025 | providing construction Animals permenent water point at DCF WL NCS District- Dholpur | 10:00 AM, 17.10.2025 | FOR2526 WSOB 02380 | 1.33 | 44/202 5-26 | |
| 9 | Rajkaj Ref No.: 18089393 Date 01.10.2025 | providing erridiction of continuouston and subsquent removal of invasive species (lantana camera, rosopis juliflora etc at DCF WI. NCS District-Dholpur | 10:00 AM, 17.10.2025 | FOR2526 WSOB 02381 | 4.99 | 45/202 5-26 | |

सूचना प्रकाशन व्यथ के बिल इस कार्यालय के नाम दो प्रतियों में भिजवाने की व्यवस्था करावें।

(डा आशीष व्यास) उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य, धौलपुर

DIPR/C/15326/2025